**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड में कोरोना का नहीं थम रहा है कहर

**कोरोना कहर**

## आने वाले दिनों में चुनौतियां बढ़ने की आशंका

■हरिद्वार में संक्रमितों का आंकड़ा चार हजार के पार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना का कहर थम नहीं रहा है। जांच का दायरा बढ़ने के साथ ही अब संक्रमण दर का ग्राफ भी लगातार ऊपर चढ़ रहा है। गुरुवार को जहां मरीजों की संख्या ने रिकॉर्ड तोड़ा, वहीं संक्रमण दर भी उच्चतम स्तर पर रही। कुल जांचे गए सैंपल में साढ़े आठ फीसद पॉजिटिव आए। अब एक्टिव केस भी पांच हजार के पार पहुंच गए हैं। देहरादून समेत चार मैदानी जिलों में दिन–प्रतिदिन जिस तरह मामले बढ़ रहे हैं, उससे आने वाले दिनों में चुनौतियां बढ़ने की आशंका है।

प्रदेश में 15 मार्च से 27 अगस्त तक लगभग 3.25 लाख सैंपल की जांच की गई है। शुरुआत में संक्रमण की दर कम थी, लेकिन अब जांच के साथ रोजाना मरीज भी बढ़ रहे हैं। हरिद्वार में तो संक्रमितों का कुल आंकड़ा चार हजार के पार पहुंच गया है। इसी रफ्तार से संक्रमण बढ़ा तो सितंबर अंत तक प्रदेश में मरीजों की कुल संख्या 30 हजार के पार पहुंच जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक इस बीच अगर रिकवरी दर 75 फीसद के आसपास रहा, तब भी एक्टिव केस तेजी से बढ़ेंगे। एक्टिव केस की संख्या सितंबर में साढ़े सात हजार से ज्यादा होगी। इस बीच सैंपल का बैकलॉग भी चिंता का सबब बना हुआ है। फिलवक्त विभिन्न लैब में तकरीबन 16 हजार सैंपल की जांच लंबित है।

**अब स्थानीय स्तर पर फैल रहा संक्रमणः** उत्तराखंड में कोरोना को अलग–अलग चरणों में विभाजित किया जा सकता है। पहले चरण में जो संक्रमित मिले, वह विदेश से लौटे लोग थे। इसके बाद जमातियों के कारण कोरोना का प्रसार तेज हुआ। साथ ही इनके संपर्क में आए लोग भी काफी संख्या में संक्रमित पाए गए। फिर प्रवासियों की आमद बढ़ने के साथ कोरोना के मामले भी बढ़े। अब स्थानीय स्तर पर भी संक्रमण बढ़ रहा है। फिलवक्त स्थिति यह है कि आम हो या खास, कोई भी संक्रमण के खतरे से अछूता नहीं है।

### एसएसबी के 50 जवान पाये गये कोरोना पॉजिटिव

देहरादून। थराली विकासखंड के ग्वालदम के अंतर्गत आने वाले सशस्त्र सीमा संगठन (एसएसबी) ट्रेनिंग सेंटर में 50 जवान कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। जवानों के कोरोना पॉजिटिव की खबर से ग्वालदम सहित पूरी पिंडर घाटी में हड़कंप मच गया है। फिलहाल, सभी संक्रमित जवानों को एसएसबी में क्वारंटीन किया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली के चिकित्सक डॉ. नवनीत चौधरी ने बताया कि बीते दिनों सेलागुड़ी (असाम) से 117 जवान विशेष ट्रेनिंग के लिए एसएसबी ग्वालदम के बिनातोली नामक स्थान पर ट्रेनिंग के लिए लाये गये थे। उन सभी जवानों की पिछले सोमवार को रैंडम सैम्पलिंग की गई थी जिसमें 50 जवान कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। बताया जा रहा है कि सभी जवानों को एसएसबी ग्वालदम के बिनातोली पहुंचने के बाद एहतियातन क्वारंटीन किया गया था। डॉ. चौधरी ने बताया कि रिपोर्ट के बारे में एसएसबी प्रशासन को बता दिया गया है।

वहीं, थराली के उपजिलाधिकारी केएस नेगी ने बताया कि एसएसबी के पास सभी संसाधन मौजूद हैं। जिसके कारण एसएसबी के सेंटर में ही संक्रमित जवानों का उपचार चल रहा है।

## न्यूज डायरी

### विस्थापन को लेकर जिले में गरजे टांगा गांव के आपदा प्रभावित

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत के आपदा प्रभावित टांगा गांव के ग्रमीणों ने विस्थापन की मांग को लेकर जिला मुख्यालय के कलक्ट्रेट में पहुंचकर जमकर नारेगाजी व प्रदर्शन किया। बता दें कि बीस जुलाई को सीमांत के मुंसयारी तहसील के टांगा गांव में आई भीषण आपदा में ग्यारह लोगों की मौत हो गई थी। पूरे गांवों में भीषण भूस्खलन भी हुआ था। कई मकान अब भी खतरे की जद में है। हाल ही में इन आपदा प्रभावितों से मिलने पहुंचे जन प्रतिनिधियों ने उन्हें विस्थापन का भरोसा दिलाया था। बता दें कि दो माह बीतने के बाद भी इस मामले पर कोई ठोस पहल नही हो पाई है। वही क्षेत्र के नाराज आपदा प्रभावितों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी नाराजगी जाहिर करने के साथ जोरदार प्रदर्शन भी किया। इस दौरान गांवों के तमाम आपदा प्रभावित मौजूद रहे।

### सीमांत में तहसील जारी है भारी बारिस का कहर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जिले की तहसीलों में भारी बारिश का कहर जारी है। बता दें कि सीमांत की तहसीलों धारचूला व मुंसयारी में मूसलाधार बारिश ने फिर एक बार लोगों की मुसीबते बढ़ा दी है। जानकारी के मुताबिक जौलजीबी मदकोट मार्ग पर शेराघाट से मदकोट के गीच सड़क पर भारी मलबा आने से जनजीवन व लोगों की आवाजाही व वाहनों का सैलाब बीच रास्तों में ही फंस गया। जिले भर में बीस मार्ग पूरी तरह से बंद पड चुके है। काली व गोरी नदी का विकराल रूप देखने को मिल रहा है। वही धारचमला से तवाघाट के बीच लगभग कई घंटे मार्ग बंद रहने से जन जीवन अस्त व्यस्त होने के समाचार मिल रहे है।

### अनएकेडमी यूपीएससी चौंपियनशिप के लिए ला रहा है वेटर्न और टॉप शिक्षकों को एक साथ

**संवाददाता** देहरादून। भारत का सबसे बड़ा लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी, यूपीएससी उम्मीदवारों, जो सीएसई प्रेलिम्स 2020 के पेपर 1–जनरल स्टडीज में बैठने की तैयारी कर रहे हैं, के लिए यूपीएससी सीएसई चौंपियनशिप के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है. यह चौंपियनशिप पांच फ्री मॉक टेस्ट के माध्यम से अपने ज्ञान का परीक्षण करने का अवसर प्रदान करती है। इसके बाद यूपीएससी परीक्षा को क्रैक करने के लिए टिप्स और रणनीतियों के साथ उनके प्रदर्शन पर विस्तृत प्रतिक्रिया दी जाती है. टेस्ट 30 अगस्त से 27 सितंबर, 2020 के बीच, प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे होंगे और अंग्रेजी और हिंदी में आयोजित किए जाएंगे। टेस्ट को यूपीएससी प्रीपाराटोरी सर्कल के सबसे बड़े नामों और वेटरंस ने तैयार किया है।

# कनखल थाना इंचार्ज और दो सिपाही लाइन हाजिर

**संवाददाता** देहरादून। बुधवार देर रात आरएसएस के नगर प्रचारक भूपेंद्र के साथ कनखल थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में हरिद्वार कनखल थाना इंचार्ज विकास भारद्वाज और दो सिपाहियों पर गाज गिरी है। एसएसपी सेंथिल अबुदई कृष्ण राज एस ने तीनों को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं, मारपीट करने वाले युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



आरएसएस नगर प्रचारक भूपेंद्र के साथ मारपीट होने के बाद बुधवार देर रात आरएसएस और बीजेपी के विधायकों सहित भारी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कनखल थाने का घेराव किया था और कनखल थाना इंचार्ज को सस्पेंड करने की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी थी कि

### मारपीट करने वाले युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया

अगर 24 घंटे के अंदर थाना इंचार्ज विकास भारद्वाज को सस्पेंड नहीं किया गया तो वो उग्र आंदोलन करेंगे।

मामला बढ़ता देख एसएसपी हरिद्वार सेंथिल अबुदई कृष्ण राज एस ने देर रात कनखल थाना इंचार्ज विकास भारद्वाज सहित दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर क र दिया। गौरतलब है कि मामूली सी कहासुनी को लेकर आरएसएस के नगर प्रचारक भूपेंद्र और युवकों में मारपीट हो गई थी और मामला थाने तक जा पहुंचा था, जिसके बाद आरएसएस कार्यकर्ताओं और बीजेपी विधायकों ने काफी हंगामा भी किया था।

# पुलिस क्यों बचा रही है आरोपियों कोः रजिया बेग

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी के एक पीड़ित परिवार ने राजधानी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राजधानी पुलिस उनके साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपना रही है। पीड़ित परिवार की एक बेटी ने हाल ही में आत्महत्या की और उसकी रिपोर्ट थाना पटेलनगर में भी दर्ज करवाई गई, परंतु अभी तक इस मामले में किसी भी तरह की कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। बता दें कि की पीड़ित परिवार शिमला बाईपास रोड, मूलचंद एन्क्लेव में रह रहा है। एक पत्रकार वार्ता के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रजिया बेग ने कहा कि पीड़िता प्रिया की बहन पूजा ने बीती 15 जून को जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया और 18 जून को इंद्रेश अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। आरोप

### आत्महत्या के मामले में राजधानी पुलिस के रवैये पर उठ रहे सवाल

है कि उसे रंजन नाम के एक युवक ने आत्महत्या के लिए उकसाया था जिसके नाम से पूजा एक सूसाइड नोट भी लिख कर छोड़ गई है। रजिया बेग ने बताया कि पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है और साथ ही पुलिस को सुसाइड नोट एवं पूजा की व्हैटसएप चौट भी उपलब्ध करवाई गई है। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि पूजा किस कदर डिप्रेशन में थी और रंजन द्वारा दिए गए धोखे के चलते पूजा ने आत्महत्या की है। रंजन पिछले कई सालों से पूजा का शारीरिक व मानसिक शोषण कर रहा था और शादी का झांसा दे रहा था।

# पिथौरागढ़ में एक दिन में बढ़े कोरोना के सबसे ज्यादा केस

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिले में गुरूवार को कोरोना संक्रमितों के के ग्रफ ने एकाएक छलांग लगाई। अब तक जिले में इकसठ लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिले में कोरोना संक्रमितों का आंकडा तीन सौ दो पहुंच गया है। बता दें कि जिले में फिलहाल कोरोना संक्रमण के ऐक्टिव केस अठासी है। बीते बुधवार को जिले के बी डी अस्पताल में खुद स्वास्थ विभाग के एक फार्मसिस्ट के कोरोना पाजिटिव मिलने पर जिले के अस्पताल को दो दिन के लिए सील कर दिया गया है। सीएमओ डां हरीश पंत के अनुसार गुरूवार को जिले में पाजिटिव पाये गये

### सीएमओ बोले दस दिन तक सेल्फ लाकडाउन में रहे लोग

इकसठ लोगों में से अड़तीस सेना के जवान है। दूसरी ओर दस लोग डीडीहाट के पास मिर्थी गांव के है। जहां पूर्व में कुछ दिन पूर्व यहां कोरोना पाजिटिव केस सामने आये थे। दो केस धारचूला व चार केस गंगोलीहाट और छह केस जिला मुख्यालय के ही ऐंचोली से सामने आये है।

ऐंचोली में संक्रमित पाये गये व्यक्ति के बारे में जो जानकारी मिली है वह प्राइवेट टैक्सी चलाता है और तराई क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जिले से आवाजाही करता है। सीएमओ डा. हरीश चन्द्र पंत ने संबधित चालक के बारे में खटीमा के सीएमओ को जानकारी दे दी है।

जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामले ने जिले के स्वास्थ विभाग सहित जिले के लोगों के लिए मुसीबते बढ़ानी शुरू कर दी है। ऐसे हालातों में जिले के स्वास्थ विभाग में हडकम्प मच गया है। सीएमओ डां हरीश चन्द्र पंत ने फेसबुक व संदेश गणकों के जरिये लोगों को दस दिन तक सेल्फ लाकडाउन में रहने की अपील की है। मरीजों से घर में ही रहकर अपने डाक्टर से दुरभाष पर अपनी परेशानी बताकर अपना इलाज कराने की अपील भी की है। उन्होने कहा है कि चिकित्सक संबधित बीमारी की दवा फोन पर ही लेने की सलाह देगे।

## खनन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे आरके सुधांशु

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय में महत्वपूर्ण विभाग खनन की जिम्मेदारी अधिकारी आरके सुधांशु को दी गयी है। वहीं अन्य दो पीसीएस अधिकारियों के विभागों में भी फेरबदल किया गया है। मुख्य सचिव पद पर ओमप्रकाश की तैनाती के बाद उनके पास मौजूद महत्वपूर्ण विभागों में से एक खनन विभाग की जिम्मेदारी अब वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आरके सुधांशु को सौंपी गई है। इससे पहले यह जिम्मेदारी अस्थायी तौर पर एसीएस आनंद बर्धन के पास थी, लेकिन अब पूरी तरह से जिम्मेदारी आरके सुधांशु को दे दी गई। इसके अलावा उत्तराखंड सचिवालय में पीसीएस अधिकारी प्रशांत कुमार आर्य को निदेशक उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद बनाया गया है। वहीं पीसीएस कमलेश मेहता को एसीईओ उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट बनाया गया है।